# Modern Coach Factory, Raebareli

Office of the
General Manager (P)

## Note

**Sub: Joint Inspection Report of Prashanti Parishar Type-II and Type-III dated 26.08.2021.**

Attached herewith please find a Joint Inspection Report submitted by the staff representatives and the Chief Staff & Welfare Inspector in connection with their visit to Prashanti Parishar Type-II & Type-III on 26.08.2021.

A few concerning issues pointed out in the Joint Inspection Report are as follows:

- Need to vaccinate street dogs residing in the Railway Colony.
- Need to trim the tree branches.
- Need to remove trees grown in the drainage line.
- Need to institute a garbage disposal system for lawn grass.
- Need to lighten up the dark patches in the Railway Colony.
- Need to remove illegal construction built on the road.

No.E/RCF/RBL/Misc/2021
Dated 03.09.2021

3/9/21

**(Amar Nath Dube)**
**Principal Chief Personnel Officer**
**MCF, Raebareli**

Copy to:-

1. Secy. to GM - for kind information of GM/MCF.
2. All PHODs, CHODs and HODs- for kind information.
3. AEE/MCF
4. AEN/MCF } - for necessary action.
5. EDPM/IT

NCFIRE

# संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, आरेडिका महोदय कि उपस्थिति में दिनांक 26.08.2021 को सायं 18:30 बजे से 20:15 बजे तक आवासीय परिसर के कॉलोनी के टाईप–2 एवं टाईप–3 क्वार्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित समस्याएँ पाई गई हैं :

| क्र0 सं0 | विवरण | संबंधित अधिकारी |
|---|---|---|
| 1. | शॉपिंग कॉमप्लेक्स से ज्ञानदा बाल मंदिर होते हुए टाईप–2 क्वार्टर तक जाने वाले फुटपाथ कि ऊपर लंबे–लंबे घास पाए गए। इसके साथ ही फुटपाथ के बगल में वृक्षों की शाखाओं कटाई भी नहीं की गई है, जिसके कारण लोगों को फुटपाथ पर चलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही लोगों को घासों में साँप तथा अन्य विषैले जीव–जन्तु के छिपे होने का भय भी बना रहता है, वर्तमान में लोगों ने फुटपाथ के जगह मेन सड़क पर चलना शुरू कर दिया है। | सहायक अभियंता |
| 2. | आवास सं0–2080 मे रहने वाले श्री नंदन प्रसाद जी ने निरीक्षण टीम को बताया कि उनके आवंटित मकान के बगल में सप्लाई को मेन पाईप टूटा हुआ है, जिससे सप्लाई पानी के आने पर दौरान सड़क पर पानी भर जाता है, इस विषय में वहाँ के कर्मचारियों ने इसकी षिकायत वरिश्ठ अनुभाग अभियंता/सिविल को सूचित किया था, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाई नहीं की गई है, जिससे सिर्फ उन आवासों में रह रहे लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। | सहायक अभियंता |
| 3. | पुराने टाईप– 2 कॉलोनी के निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारियों ने निरीक्षण टीम का ध्यान लॉन से निकले हुए घास के निस्तारण हेतु आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि घरेलू कचड़े को उठाने के लिए मुस्कान ज्योति की गाड़ी आती है परन्तु लॉन के घास को हटाने के लिए कोई भी सुविधा प्रदान नहीं की गई है इसलिए कर्मचारी अपने लॉन की घास को काटकर सड़क पर फेंक देते हैं जिससे बरसात के समय सड़क पर काफी गंदगी हो जाती है। साथ ही कभी–कभी बाईक/साईकिल चलाने वाले व्यक्ति घास पर फिसलकर गिर जाते हैं। | सहायक अभियंता |
| 4. | आवास सं0– 2025 के आवासीय परिसर के सामने का नाली पर रखे गए लोहे की जाली के रॉड टुटे हुए हैं। जिसमें श्री प्रणव कुमार, ने बताया कि उनके पुत्र का पैर टूटी हुई जाली में फँसने के कारण घुटने के पास काफी गहरा जख्म हो गया है, उन्होंने श्री सीताराम, एस एस ई को शिकायत की थी परन्तु अभी तक कोई कार्यवाई नहीं की गई है। | सहायक अभियंता |
| 5. | आवास सं0– 2007/ए0 एवं 2051/ए0 के गैराज के सामने बड़े पौधे लगे हैं जिसकी छँटाई नहीं की गई है जिसके कारण इन आवासों में रहने वाले लोगों को गैराज में अपना वाहन लगाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। | सहायक अभियंता |
| 6. | आवास सं0– 2128/सी0 के गैराज के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ विद्युत विभाग में कॉन्ट्रैक्ट के तहत कार्य करने वाले व्यक्ति अनाधिकृत रूप से निवास कर रहे हैं, इस संदर्भ में आवास आवंटित करते समय कर्मचारियों को लिखित रूप से निर्देशित किया जाए। इस प्रकार के कृत्य के दंड के प्रावधानों को भी वर्णित किया जाए। | सहायक अभियंता |

आरेडिका / रायबरेली

| | | |
|---|---|---|
| 7. | टाईप–2 कॉलोनी के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ कर्मचारी अपने आवंटित गैराज में ताला बंद करके नहीं रखते हैं ऐसे में अंधेरे में इन गैराजों में अनहोनी घटनाएँ के होने की काफी संभावनाएँ रहती है। इस संदर्भ में क्वार्टर आवंटन के समय सामान्य निर्देश देने की आवश्यकता हैं जिससे इस तरह की संभावित घटनाओं के भविष्य में होने से रोका जा सके। | सहायक अभियंता |
| 8. | टाईप–2 आवासीय परिसर के दोनों तरफ घास तथा दोनों साईड की वृक्षों की शाखाओं की छँटाई नहीं की गई है जिस कारण से आने–जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अभी हाल ही में आवास सं0– 2124/डी0 में एक साँप जो खिड़की के जाली पर आ गया था जिस कारण वहाँ के कर्मचारी के मन में काफी भय है। | सहायक अभियंता |
| 9. | आवासीय परिसर में रहने वाले लोगों ने बताया कि घुमन्तू कुत्तों के कारण उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जैसे– ये कुत्ते वाहन चलाने वाले को अक्सर दौड़ा देते हैं जिससे वाहन चलाने वाले फिसलकर गिर जाते हैं। इसके अलावा ये कुत्ते सीढ़ीयों/गलियारों पर बैठते हैं तथा गंदगी फैला देते हैं जिसे आवास में रहने वाले लोगों को ही साफ करना पड़ता है। साथ ही इन कुत्तों को वार्षिक लगने वाला रेबीज का टीका नहीं लगवाया गया है जिससे उनके काटने से रेबीज फैलने की काफी सम्भावना रहती है। | सहायक अभियंता |
| 10. | पुराने टाईप–2 परिसर में कुछ स्ट्रीट लाईट खराब पाए गए जिससे सड़क पर काफी अंधेरा था आवास सं0–2001 से 2010 तक के कर्मचारियों ने बताया कि पहले 6 बजे तक जल जाया करती थी लेकिन अब 07:00 बजे तक भी नहीं जलाया जाता है जिसकी शिकायत गिरीराज सिंह को की गई है परन्तु इसपर काई कार्यवाही नहीं की गई है। | सहायक विद्युत अभियंता/पी0 एस0 |
| 11. | पुराने टाईप–2 आवासीय परिसर के सभी मेन रोड के दोनों साईड अत्यधिक मात्रा में लम्बी–लम्बी घास पाई गई एवं सड़क के दोनों तरफ बड़े–बड़े वृक्षों की शाखाएँ बढ़ने के कारण ब्रांच सड़क के प्रवेश पर पर्याप्त रौषनी नहीं रहती है, अतः बड़े वृक्षों की शाखाएँ कटवाने की व्यवस्था की जाए। | सहायक अभियंता एवं सहायक विद्युत अभियंता/पी0 एस0 |
| 12. | निर्माणाधीन आर0 आई0 एन0 एल0 कॉलोनी से लेकर टाईप–2 आवासीय क्षेत्र में स्थित पानी टंकी तक (नहर की तरफ) लगभग 200 मीटर क्षेत्र में घने घास तथा जंगली वृक्ष मेन रोड के दोनों किनारे अत्यधिक मात्रा में लंबे–लंबे घास तथा वृक्षों की शाखाएँ बढ़ी हुई पाई गई, इस सड़क पर रौशनी की भी काफी कमी पाई गई है। उसकी चहारदीवारी भी बहुत छोटी है जिसके कारण उस तरफ के रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल बना रहता है कि कोई बाहरी व्यक्ति चहारदीवारी कूदकर अंदर आकर कोई अप्रिय घटना को अंजाम देकर चहारदीवारी के रास्ते आसानी से बाहर जा सकता है। | सहायक अभियंता/ सहायक विद्युत अभियंता/पी0 एस0 |
| 13. | टाईप–2 आवासीय क्षेत्र में स्थित पानी टंकी तक मेन रोड के पास स्थित टॉवर लाईट 20:00 बजे तक जलती हुई नहीं पाई गई एवं वहाँ पर बच्चों को खेलने हेतु पूर्व में वॉलीवॉल ग्राउंड तैयार कराया गया था जो वर्तमान समय में सिविल विभाग द्वारा सफाई न होने के कारण जंगल सा बन गया है, जिससे कर्मचारियों में काफी रोष है। | सहायक अभियंता |
| 14. | आवास सं0– 2183, 2181 और 2218 के पास की सड़क काफी जर्जर हो चुकी है एवं प्रायः उसमें पानी लगा रहता है, जिससे कई बार लोग | सहायक अभियंता |

| | | |
|---|---|---|
| | फिसलकर गिर जाया करते हैं एवं आवास सं0– 2181 की नाली कवर भी टूटी हुई पाई गई। | |
| 15. | पुराने टाईप–2 के लगभग सभी ब्लॉक के कॉमन पार्क में लंबे–लंबे घास होने के कारण वहाँ लगे हुए झूले एवं अन्य सुविधाओं का लाभ कर्मचारी नहीं ले पाते हैं एवं आवास सं0– 2210 से 2219 के कॉमन पार्क में लगे सीट के पास ग्रेनाईट का सिरा बहुत नुकीला है जिसे सही किया जाए, जिससे भविष्य में होने वाले अप्रिय घटना को रोका जा सकता है। | सहायक अभियंता |
| 16. | आवास सं0– 2199 के गैराज के पास नाली में बड़े पेड़ उग गए हैं जिससे नाली का प्रवाह रूक गया है जिसके कारण गैराज के सामने लगे हुए लोहे की जाली नीचे दब गई है, जिसके कारण इस गैराज में सामान एवं बाईक रखने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। | सहायक अभियंता |
| 17. | नये टाईप–2 आवास की निरीक्षण के दौरान वहाँ के कर्मचारियों के द्वारा बताया गया कि नये आवास की चहारदिवारी काँटे वाले तार से किया गया जो छोटे बच्चों के लिए अत्यंत घातक है, जिसे बदलकर पुराने टाईप–2 के आवासों की तरह ही चहारदिवारी की जाए क्योंकि बहुत से कर्मचारियों ने तो उसे हटवा दिया है क्योंकि उनके बच्चों को कई बार इन कटीलों से तारों से गहरे जख्म हो चुके हैं, इसकी शिकायत भी उन्होंने श्री पंकज राय, सहायक अभियंता से की है लेकिन अभी तक उसे बदला नहीं गया है। | सहायक अभियंता/ सहायक विद्युत अभियंता/पी0 एस0 |
| 18. | नये टाईप–2 एवं नये टाईप–3 के ब्लॉकों के सभी कॉमन पार्क में बड़े–बड़े घास लगे हुए हैं, बारिस के समय अक्सर जहरीले जीव–जन्तु बाहर निकल आते हैं एवं नये टाईप–2 एवं टाईप–3 के बीच बने पार्क में भी बड़े–बड़े घास हैं जिसे विकसित किया जाए एवं कॉमन पार्क में लम्बे घास की कटिंग 15 दिन में किया जाए। | सहायक अभियंता |
| 19. | नये टाईप–2 एवं टाईप–3 के पास लगे हुए टॉवर लाईट जलती हुई नहीं पाई गई। | सहायक विद्युत अभियंता/पी0 एस0 |
| 20. | नये टाईप–3 के आवास सं– 3061 से 3080 तक के स्ट्रीट लाईट जलते हुए नहीं पाया गया जिसके कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है एवं आवास सं0– 3070/ए0 में निवास कर रहे श्री सूरज वर्मा का अंधेरे के कारण कुछ दिन पूर्व दुर्घटना से उनके पैर में गंभीर चोट लग गई थी। | सहायक विद्युत अभियंता/पी0 एस0 |
| 21. | आवास सं0– 3060 से 3080 के दोनों ब्लॉक के सभी स्ट्रीट लाईट जलते हुए नहीं पाए गए। | सहायक विद्युत अभियंता/पी0 एस0 |
| 22. | पुराने टाईप–3 के 3031 से 3040 के कॉमन पार्क में लम्बे घास पाए गए एवं वृक्षों की शाखाएँ बढ़ी हुई पाई गई। | सहायक अभियंता |
| 23. | पुराने टाईप–3 के आवास सं0– 3001 से 3010 के कॉमन पार्क बहुत साफ सुथरा पाया गया, इसी प्रकार अन्य आवासों के भी कॉमन पार्क को सुव्यवस्थित किया जाए। | सहायक अभियंता |
| 24. | आवास सं0–3003 जो श्री पंकज राय को आवंटित की गई है उसके सामने कि सड़क पर कार रखने का एक शेड का निर्माण अनाधिकृत रूप से किया गया है। कॉलोनी में रहने वाले कुछ लोगों ने इस बारे में चिन्ता व्यक्त की है कि भविष्य में इस तरह के शेड बनवा लेंगे तो सड़क पर आने–जाने वाले लोगों को असुविधा होगी। | सहायक अभियंता |
| 25. | शॉपिंग कॉम्पलेक्स से सिविल ऑफिस के मुख्य रास्ते पर गिट्टी एवं रेत पड़ा हुआ है, जिसके कारण दुर्घटना होने की संभावना है। | सहायक अभियंता |
| 26. | शॉपिंग कॉम्पलेक्स में बने दोनों पार्क के फव्वारे बंद पड़े हुए हैं जिसको शुरू किया जाए। | सहायक अभियंता |

| | | |
|---|---|---|
| 27. | शॉपिंग कॉम्पलेक्स के नालियों की उचित तरीके से पानी के निकास की व्यवस्था की जाए, क्योकि इनकी लेवलिंग सही तरीके से न होने के कारण इसमें पानी जमा रहता है। | सहायक अभियंता |
| 28. | शॉपिंग कॉम्पलेक्स में लगे हुए घड़ी बंद पड़ी हुई है एवं उसके आस–पास तार लटकते हुए पाए गए। | उप मुख्य यांत्रिक अभियंता / एस0 एंड टी0 |
| 29. | शॉपिंग कॉम्पलेक्स में बने हुए दोनों शौचालय (पुरूष और महिला) पूरी तरह से गंदे एवं बदबूदार पाए गए एवं दुकानदारों द्वारा यह बताया गया कि इसकी सफाई वर्षो से नहीं कराई गई है, जिसके कारण आस–पास के दुकानदारों एवं ग्राहकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। | सहायक अभियंता |
| **30.** | **सामूहिक निरीक्षण के उपरांत सभी कर्मचारी प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि आवासीय सुविधाओं से संबंधित समस्त जानकारी को जैसे– फॉगिंग का आवधिक समय, घास की कटाई का आवधिक समय, नाली सफाई का आवधिक समय, वृक्षों की सफाई का आवधिक समय, स्ट्रीट एवं टॉवर लाईट के जलने का समय का विवरण एवं संबंधित पर्यवेक्षकों के मोबाईल नंबर के साथ कॉलोनी के अनुसार (पुराना टाईप–2, पुराना टाईप–3, नया टाईप–2, नया टाईप–3, टाईप–4 सिंगल एवं डबल स्टोरी) एवं शॉपिंग कॉम्पलेक्स सामूहिक स्थानों पर प्रदर्शित किया जाए जिससे उन कॉलानियों में रहने वाले कर्मचारी उन सुविधाओं का सुचारू रूप से सुविधा ले सकें।** | **सहायक अभियंता एवं सहायक विद्युत अभियंता / पी0 एस0** |

हस्ताक्षर

(नेब सिंह)
महामंत्री,
आरसीएफएमएमसी

(रोहित मिश्रा)
संगठन मंत्री,
आरसीएफएमएमयू

(सुशील गुप्ता)
महामंत्री
एमसीएफएमएस

(तेजपाल सिंह)
महामंत्री,
आरसीएफईयू

(टी0 आर0 वर्मा)
संरक्षक,
एआईएससीएसटीआरईए

(ओमप्रकाश मौर्या)
सचिव,
आईओबीसी / एस0

(राजेश कुमार)
मु0कर्म0 एवं हित निरी0

(कुणाल कनौजिया)
मु0कर्म0 एवं हित निरी0